कचांदूर स्थित कोविड केयर सेंटर में भोजन की स्पेशल थाली के माध्यम से परोसा जा रहा है भोजन के साथ मीठा, ताजा फल, विभिन्न प्रकार की मौसमी सब्जियां

भिलाईनगर/ कचांदूर स्थित कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीजों को स्वादिष्ट भोजन परोसा जा रहा है! भोजन की स्पेशल थाली उपलब्ध कराई जा रही है जिसमें एक मीठा अनिवार्य रूप से दिया जा रहा है मौसमी सब्जियों, रायता, सलाद, रोटी, पापड़, अचार, दाल, चावल से स्पेशल थाली तैयार की जा रही है !अलग-अलग प्रकार के नाश्ता दिए जा रहे हैं। कोविड सेंटर से कुछ ही दूरी पर मरीजों को अच्छा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिये कैंटिन में भोजन तैयार किया जा रहा है , मरीज ही नहीं बल्कि चिकित्सक स्टॉफ एवं कोविड सेंटर से जुड़े हुए अन्य भी यहीं का बना भोजन ग्रहण कर रहे हैं। आयुक्त श्री रघुवंशी निरंतर यहां की भोजन व्यवस्था का फीडबैक लेते रहते हैं बल्कि कई बार उन्होंने भोजन की गुणवत्ता की जांच परखी है। कोविड केयर सेंटर में मरीजों को समय पर उत्तम खाना देने के लिए निगम ने बेहतर व्यवस्था की है। कैंटिन में मरीजों के लिए प्रातः 6 बजे चाय, बिस्किट, 7 बजे से 9 बजे तक इडली , सांभर बड़ा, साबुदाने की खिचड़ी , पोहा, आलू गुंडा, उपमा, इत्यादि में से एक नाश्ता , 11ः30 बजे से दोपहर 2 बजे तक 2 सब्जी, सलाद, पापड़, अचार, रोटी, रायता, मीठा से युक्त भोजन की थाली। इसके बाद दोपहर 4 से 5 बजे के बीच पुनः चाय और बिस्किट , 5 से रात 10 बजे तक रात्रि भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है! कोविड केयर सेंटर से स्वस्थ होकर लौटने वाले कई मरीजों ने भोजन की व्यवस्था को लेकर संतुष्टि जताते हुए गुणवत्ता युक्त भोजन उपलब्ध कराने की बात कही है!